**आकाशवाणी शिमला**
**26.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे**

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मौजूदा जनगणना अभियान विश्व का सबसे बड़ा जनगणना अभियान है और हर देशवासी को इसकी जानकारी होनी चाहिए। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज प्रधानमंत्री ने कहा कि जनगणना के लिए सभी जानकारी डिजिटल रूप में दर्ज की जा रही है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जनगणना प्रक्रिया को आसान बनाया गया है ताकि लोग अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकें। यह सुविधा जनगणना करने वाले कर्मचारियों के आने से 15 दिन पहले तक मिलेगी। प्रक्रिया पूरी होने के बाद मोबाइल या ई–मेल पर एक विशेष आईडी दी जाएगी जिसे दिखाकर जानकारी सत्यापित की जा सकेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनगणना प्रक्रिया में लोगों की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आश्वस्त किया कि नागरिकों की जानकारी गोपनीय रहेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि 9 मई को गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि टैगोर बहुमुखी प्रतिभा–संपन्न थे जिन्होंने कई प्रतिष्ठित संस्थानों को मूर्तरूप दिया। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि टैगोर ने ऐसे उद्योगों का समर्थन किया था जो स्थायी रोजगार दे सकें और जिनसे गांवों को लाभ पहुंचे।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है और प्राकृतिक खेती को राज्य का भविष्य बनाने में डॉक्टर वाई.एस.परमार बागवानी व वानिकी विश्वविद्यालय नौणी का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने आज शिमला में वर्चुअल माध्यम से विश्वविद्यालय के लिए लगभग 35 करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। उन्होंने हमीरपुर ज़िले के नेरी स्थित बागवानी व वानिकी महाविद्यालय में लगभग 4 करोड़ रूपये से निर्मित छात्रावास और लाहौल–स्पिति ज़िले के कृषि विज्ञान केंद्र ताबो में डेढ़ करोड़ रूपये से बने प्रशासनिक भवन का उद्घाटन भी किया। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि प्राकृतिक खेती से उगाई गई फसलों के लिए हिमाचल देश में सबसे अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान कर रहा है।

## विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने केंद्रीय हिस्सेदारी के रूप में केंद्र सरकार से हिमाचल को 5 हज़ार 4 सौ करोड़ रूपये प्रदान करने का आग्रह किया है। उन्होंने नई दिल्ली में केंद्रीय आवासन व शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित बैठक में भाग लिया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में इस बैठक में शहरी चुनौती कोष पर विस्तार से चर्चा हुई। विक्रमादित्य सिंह ने छोटे शहरी स्थानीय निकायों और उनकी सीमित राजस्व क्षमता को देखते हुए हिमाचल के लिए केंद्रीय हिस्सेदारी के रूप में एक हज़ार 3 सौ 50 करोड़ रूपये तय करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल जैसे पहाड़ी व विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए शहरी चुनौती कोष में विशेष छूट प्रदान की जानी चाहिए।

## नाहन गर्मी

राज्य के मैदानी इलाकों में इन दिनों तापमान में लगातार बढ़ौतरी दर्ज की जा रही है। ऊना सहित कई अन्य शहरों में पिछले कुछ दिनों से अधिकतम तापमान 40 डिग्री से अधिक दर्ज किया जा रहा है। नाहन में भी बढ़ती गर्मी से लोग परेशान हैं और राज्य सरकार से स्कूलों की समय सारणी बदलने की मांग कर रहे हैं।

.............................................................................................................